आईसीआईसीआई बैंक की मास्टरकार्ड के साथ साझेदारी

मुंबई: आईसीआईसीआई बैंक ने आज 'खर्च करों और जीतो' अभियान शुरू करने के लिए मास्टरकार्ड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत आगामी उत्सव के मौसम के दौरान अपने मास्टरकार्ड क्रेडिट और डेबिट कार्ड का उपयोग करने के लिए ग्राहकों को पुरस्कृत किया जाएगा। 'ऐस योअर स्पेंड्स' नामक यह अभियान 1 अक्टूबर, 2018 से 10 नवंबर, 2018 के बीच मास्टरकार्ड क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से सर्वाधिक खर्च करने वाले टॉप 10 लोगों को मिलेगा मास्टरकार्ड के सौजन्य से मेलबर्न के लिए 3 दिन और 2 रातों की यात्रा और ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2019 टूर्नामेंट में महिलाओं और पुरुषों के फाइनल को देखने का मौका।

भारत में अपनी तरह का यह पहला अभियान है, जिसमें ग्राहकों को टेनिस का ग्रेंड स्लेम देखने के लिए यात्रा का ऑफर दिया जा रहा है। इस अभियान को लॉन्च करने के लिए 1 अक्टूबर 2018 को मुंबई में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय टेनिस सितारों महेश भूपति और अंकिता रैना के साथ-साथ बडी संख्या में खेल उत्साही लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मास्टरकार्ड और आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी भी उपस्थित थे।

आईसीआईसीआई बैंक के जनरल मैनेजर और ग्रुप हैड-अनसिक्योर्ड लैंडिंग, काड्‌र्स एंड पेमेंट्स सॉल्यूशंस सुदीप्ता राय ने कहा, 'आईसीआईसीआई पहला ऐसा बैंक है जिसने अपने ग्राहकों को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन-2019 टूर्नामेंट देखने का अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए मास्टरकार्ड के साथ साझेदारी की है और जाहिर है कि यह हमारे लिए बेहद प्रसन्नता की बात है। (1)

जेके सीमेंट ने जेके सीमेंट स्वच्छेबिलिटी रन के तीसरे एडिशन की घोषणा की

दो सफल सीज़न पूरे कर लेने के बाद, देश के प्रमुख सीमेंट निर्माताओं में से एक, जेके सीमेंट लिमिटेड ने आज जेके सीमेंट स्वच्छेबिलिटी रन के तीसरे एडिशन की घोषणा की। 7 अक्टूबर से शुरु होकर यह रन 5 दिनों की अवधि में 5 शहरों तक पहुंचेगा। इसकी शुरुआत कोटा से होगी और यह उदयपुर, अजमेर एवं जोधपुर होते हुए 14 अक्टूबर को जयपुर में समाप्त होगा।

दो महत्वपूर्ण सामाजिक उद्देश्यों - दिव्यांगों को समाज में एक समान स्थान दिलाना तथा स्वच्छता अभियान को जारी रखते हुए यह अद्वितीय रन इस साल राजस्थान में जेके सीमेंट द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

जेके स्वच्छेबिलिटी रन की प्रेरणा भारतीय सेना द्वारा की जाने वाली निस्वार्थ सेवा की भावना से मिली है। यह विचार कारगिल युद्ध के अनुभवी, मेजर डीपी सिंह - भारत के पहले ब्लेड रनर एवं लिम्का बुक ऑफ रिकाड्‌र्स धारक ने दिया, जिन्होंने 18 मैराथन दौड़ पूरी की हैं।

इस ईवेंट में 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर दौड़ की दो श्रेणियां हैं। यह समयबद्ध रेस है और इसमें कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। इस उद्देश्य में प्रतिभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए 3 किलोमीटर की रन स्कूल के बच्चों एवं उन लोगों के लिए आयोजित की जाएगी, जो छोटी दूरी तक दौड़ना चाहते हैं। रन के बाद दिव्यांगों सहित सभी प्रतिभागी स्वच्छता अभियान के तहत एक निर्धारित क्षेत्र की सफाई करेंगे। (16)

भावी पीढ़ी को संवारने हेतु प्रशिक्षित हो रहीं बहिनें

हरिद्वार। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में गुजरात के तीन सौ से अधिक नारियों का आओ गढ़े संस्कार पीढ़ी प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हो गया। तीन दिवसीय शिविर में उन्हें भावी पीढ़ी को सुसंस्कारी बनाने हेतु भावी माताओं की क्रियाकलाप एवं देखरेख संबंधी प्रशिक्षण दिये गये।

समापन अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशिका एवं शांतिकुंज चिकित्सालय की डॉ. गायत्री शर्मा ने अपने चालीस वर्ष के चिकित्सकीय अनुभवों को साझा किया। 'आओ गढ़े-संस्कारवान पीढ़ी' विषय बोलते हुए उन्होंने कहा कि अपने भावी बच्चे को सुसंस्कारी बनाने के लिए माताओं को गर्भावस्था के प्रारंभिक दिनों से तैयारी करनी शुरु कर देनी चाहिए। उन्हें अच्छे साहित्यों का अध्ययन करते करना चाहिए। सकारात्मक सोच एवं प्रसन्नता का वातावरण बनाये रखना चाहिए। डॉ. शर्मा ने विभिन्न कथानकों के माध्यम से गर्भिणी माताओं के आचार-विचार पर विस्तृत जानकारी दी। महिला संगीतज्ञों ने संस्कारवान बच्चे गढ़ने से संबंधित सुमधुर संगीत प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन गुजरात की बहिनों ने अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने भावी पीढ़ी को स्वस्थ एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में विविध कथानकों के माध्यम से प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक के अनुसार तीन दिवसीय शिविर में गुजरात के बड़ौदा, कच्छ, राजकोट, अहमदाबाद, जामनगर, जूनागढ़, अरवल्ली सहित तीस से अधिक जिलों की तीन सौ बहिनें शामिल थीं। शिविर को दीनाबेन त्रिवेदी, रेखा यादव, रितु बेन आदि विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया, तो वहीं प्रशिक्षणार्थियों में गांधीधाम की अनुराधाबेन, जूनागढ़ की बीनाबेन पटेल, सूरत की प्रहरसा बेन मेहता, मीनाक्षी बेन, अनुबेन पटेल, राजकोट की ज्योत्सना बेन, अहमदाबाद की रमिला बेन, भरुच की संगीताबेन, कच्छ की संगीता बेन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, एच-47, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया।
फोन-26568477, 26409779.
E : alpaviram1@yahoo.com

शिवभक्ति के बाद अब दुर्गा की पूजा करेंगे राहुल गांधी

लखनऊ, शिवभक्ति के बाद अब कांग्रेस पार्टी नवरात्रि के मौके पर दुर्गा पूजा करती नजर आएगी। शिव के बाद शक्ति यानी दुर्गा की आराधना के जरिए कांग्रेस पार्टी नरम हिंदुत्व की राह पर चलने का संकेत दे रही है। दुर्गा पूजा में हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी दुर्गा पूजा कोलकाता जा रहे हैं। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने नवरात्रि के मौके पर कन्यापूजन और फलाहारी मीटिंग करने की योजना बना रही है।

कांग्रेस की इकाई सेवादल की ओर से अष्टमी और नवमी के मौके पर बड़े शहरों में कन्या पूजन किया जाएगा। लखनऊ और कानपुर जैसे अहम शहरों में ये आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा कार्यकर्ता उपवास रखने वाले लोगों को शाम के वक्त पूरे नवरात्रि के दौरान फलाहार पार्टियों का आयोजन करेंगे। ९ अक्टूबर को नवरात्रि की शुरूआत से अंत तक यह आयोजन किए जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि अमेठी और रायबरेली के हालिया दौरे के वक्त भी राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे त्योहारी सीजन के दौरान लोगों से मेलजोल बढ़ाने का प्रयास करें।

राहुल ने कहा था कि त्योहारों के दौरान ग्राम सभा स्तर पर इस तरह की मीटिंग्स होनी चाहिए। कांग्रेस सेवादल के यूपी चीफ प्रमोद पांडेय ने कहा, कन्यापूजन और नवरात्रि के दौरान लोगों से आशीर्वाद लेना नवरात्रि में हमारी परंपरा का हिस्सा है। नवरात्रि के दौरान व्रत रखने से धीरज और सहिष्णुता के गुणों का विकास होता है। मौजूदा दौर की विभाजनकारी राजनीति से निपटने के लिए यह बहुत जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे आयोजन दशहरा और दिवाली के दौरान और बढ़ सकते हैं।

कलर्स घोषणा करता है कि किवदंती ऐतिहासिक गाथा की दास्ता्न-ए-मोहब्बतत सलीम अनारकली!



अहमदाबाद, एक ऐसा प्याीर जिसने मुगल साम्राज्य की नींव तक को हिला दिया, एक नौजवान युवराज और एक खूबसूरत कनीज का कालातीत प्रेम-प्रसंग - कलर्स सबसे महान प्रेम कथा- दास्ता न-ए-मोहब्बतत 7 सलीम-अनारकली को फिर से ताजा करने की तैयारी कर रहा है। प्रेज़ेंटिड बाई डाबर रेड पेस्टथ और पावर्ड बाई एमडीएच देगी मिर्च, दास्ता न-ए-मोहब्बहत- सलीम अनारकली आकर्षक मुगल युवराज सलीम (शाहीर शेख) और सम्मोमहक कनीज अनारकली (सोनारिका भदौरिया) की कहानी को दिखाएगा जिन्होंने रीति-रिवाजों को चुनौती दी और अपने प्यारर के लिए लड़ना कबूल किया।

इस महान कृति में कलाकारों को जमघट मौजूद है जहां अनुभवी अभिनेता शहबाज खान अकबर का किरदार निभा रहे हैं, गुरदीप कोहली पंज जोधा का किरदार निभा रही हैं और अरुणा ईरानी हमीदा बेगम का किरदार निभा रही हैं। टेलीविज़न के बेहद लोकप्रिय चेहरे जैसे पीयूष सहदेव, तसनीम शेख और पार्वती सहगल भी इस विद्रोही प्रेम कथा का हिस्सो बनेंगे। राइटर्स गैलेक्सी द्वारा निर्मित, इस धारावाहिक हर सोमवार से शुक्रवार रात 8-30 बजे कलर्स पर प्रसारण हो रहा है। धारावाहिक के मुख्य अभिनेता शहीर शेख (सलीम) और सोनारिका भडोरिया (अनारकली) ने अपनी प्रेम कहानी, दास्तान-ए-मोहब्बत- सलीम अनारकली का प्रचार करने के लिए अहमदाबाद के खूबसूरत शहर का दौरा किया। (19-10)

वर्तमान राजनीति में बापू होते तो समाज व्यवस्था अलग होती - तुषार गांधी

अहमदाबाद. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने कहा कि वर्तमान राजनीति में बापू होते तो समाज व्यवस्था अलग होती। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बापू राजनीति में होते या ना होते, यह भी एक बड़ा प्रश्न हो सकता है, लेकिन वे इतना कह सकते हैं कि होते तो आज की समाज व्यवस्था बहुत अलग होती। दरअसल, तुषार गांधी साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के आयोजन पर श्रेणीबद्ध कार्यक्रमों की घोषणा करने अहमदाबाद आए थे।

आज के दौर में गांधीजी के विचारों की प्रासंगिकता के जवाब में उन्होंने कहा कि देखिए, जब तक जीवन के लिए वायु, जल और अन्न की जरूरत होती है, तब तक सत्य, भाईचारे और अहिंसा का भी उतना ही महत्व है और बापू ने कोई नया आविष्कार नहीं किया। इन्हीं तत्त्वों पर आधारित उनकी वृत्ति थी, यह नहीं लगता कि जब तक समाज और जीवन हमारे लिए अहम हैं, तब तक ये तत्त्व लुप्त होंगे।

आप अगर राजनीति में होते तो वर्तमान राजनीतिक दौर में बापू के सिद्धांतों पर चलने में परेशानी होती? प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इसका सच्चाई से जवाब नहीं दे सकता। अगर राजनीति में होता, तो कैसा होता और क्या करता इसका कोई तजुर्बा नहीं है इसलिए यह कहने में असमर्थ हूं। तुषार ने कहा कि यही कहूंगा कि बहुत आदर्श नेता बनता, लेकिन यह तो वहां होता तो ही पता लगता।

दांडी कूच को पुनर्जीवित करने के लिए विश्व की प्रथम हेरिटेज मैराथन की जानकारी देते हुए तुषार ने बताया कि ग्रेट साल्ट मार्च इवेंट (जीएसएमई) के सहयोग से दांडी साल्ट चैलेंज 2019 में पहली बार मार्च (कूच), मैराथन व साइकिलिंग सहित तीन आयोजन होंगे। (13-5)

'देश का सच'! सुभाष चंद्रा फउंडेशन की पहल

नागरिकों को सशक्त बनाने और अपनी चिंता अभिव्यक्त करने के लिये एक मंच उपलब्ध कराने के प्रयास में, सुभाष चंद्रा (एसएसीएच) फउंडेशन आज गांधी जयंती की संध्या पर अपने तरह की पहली डिजिटल पहल लेकर आये हैं, देश का सच'। नागरिकों को प्रमुख मुद्दों और उन कारणों को जोकि मायने रखते हैं, उसके लिये एक सामाजिक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से श्री सुभाष चंद्रा ने इसकी अवधारणा तैयार की है। 'देश का सच' (www.deshkasach.in) पहला ऐसा मंच है जोकि सामाजिक हित की याचिका दायर करने के लिये है। ऐसे नागरिक जो सामाजिक मुद्दों के बारे में काफी सोचते हैं और सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं वह याचिका दायर कर सकते हैं या फिर किसी और को याचिका दायर करने में मदद कर सकते हैं। खुद सुभाष चंद्रा उन याचिकाओं को देखेंगे, जिसे 10,000 से अधिक लोगों का सपोर्ट मिला होगा और उन्हें सुलझाने के लिये उन पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करेंगे। इस मंच के विषय में अपनी बात रखते हुए, श्री सुभाष चंद्रा ने अपने सामाजिक अंग, सच फउंडेशन को प्रस्तुत करते हुए कहा, ''इतने सालों में मैंने छोटे और बड़े परदे पर उन सामाजिक मुद्दों को सामने लाने की ताकत हासिल की, जोकि हमारे समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस महान देश का नागरिक होने के नाते, मेरा पक्का विश्वास है कि यह हर भारतीय नागरिक की जिम्मेदारी होती है कि वह इस देश का पोषण करें और इसे आगे बढ़ने में मदद करें। (20-4)

चंदा कोचर ने ICICI बैंक के एमडी पद से इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, आईसीआईसीआईसी बैंक की मैनेजिंग डायरेक्टर चंदा कोचर ने तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बैंक के बोर्ड ने समय से पूर्व पद छोड़ने की उनकी मांग को स्वीकार करने के बाद उनकी जगह संदीप बख्शी को अगला मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जिक्युटिव ऑफिसर नियुक्त किया है। संदीप बख्शी का कार्यकाल ५ सालों का होगा, जो ३ अक्टूबर २०२३ को पूरा होगा।

आईसीआईसीआईसी बैंक की प्रमुख चंदा कोचर और उनके परिवार पर लगे कथित अनियमितता के आरोपों की कई एजेंसियां जांच कर रही हैं। बैंक के रेग्युलेटरी फाइलिंग में कहा है कि कोचर के खिलाफ चल रही जांच का उस पर कोई असर नहीं होगा। बैंक कथित हितों के टकराव और फायदा के बदले फायदा पहुंचाने के मामले की स्वतंत्र जांच करा रहा है। चंदा कोचर और आईसीआईसीआईसी बैंक से जुड़े मामले को एसईबीआई के अलावा आरबीआई और कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री भी देख रही है। सीबीआई ने मार्च में ही कोचर के प्रति दीपक कोचर के खिलाफ प्रारंभिक जांच दर्ज कर लिया था और अप्रैल में कोचर के देवर राजीव कोचर से गहन पूछताछ भी की थी। आईसीआईसीआईसी बैंक के बोर्ड ने विसल ब्लोअर अरविंद गुप्ता के आरोपों के बाद स्वतंत्र जांच का आदेश दिया था। जिन मामलों की जांच हो रही है उनमें विडियोकॉन ग्रुप को २०१२ में आईसीआईसीआईसी बैंक से ३२५० करोड़ रुपये के लोन का मामला भी शामिल है। यह लोन कुल ४० हजार करोड़ रुपये का एक हिस्सा था जिसे विडियोकॉन ग्रुप ने एसबीआई के नेतृत्व में २० बैंकों से लिया था। विडियोकॉन ग्रुप के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत पर आरोप है कि उन्होंने २०१० में ६४ करोड़ रुपये न्यूपावर रीन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड को दिए थे। इस कंपनी को धूत ने दीपक कोचर और दो अन्य रिश्तेदारों के साथ मिलकर खड़ा किया था। ऐसे आरोप है कि चंदा कोचर के पति दीपक कोचर समेत उनके परिवार के सदस्यों को कर्ज पाने वालों की तरफ से वित्तीय फायदे पहुंचाए गए।

सरदार ओलिम्पिक्स का भव्य आयोजन

अहमदाबाद, समाज के उज्जवल भविष्य के लिए, समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण के भाव के साथ, तंदुरस्त भारत के निर्माण के लिए युवानों के लिए छात्रालयों, जीएसपीसी- यूपीएससी ट्रेनिंग सेन्टर, व्यापार, रोजगार द्वारा और युवा शक्ति के विकास के लिए सरदारधाम संस्थान विभिन्न रचनात्मक, सर्जनात्मक कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन करता हैं। अब सरदारधाम युवा तेज/तेजस्विनी आयोजित सरदार ओलिम्पिक्स का सरदारधाम, अहमदाबाद में भव्य रमतोत्सव का आयोजन किया गया है।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जन्मजयंती 31 अक्टूबर, 2018 को संस्थान की युवा इकाई द्वारा सरदार ओलिम्पिक्स का आयोजन किया गया है।

इस ओलिम्पिक्स में हिस्सा लेने के लिए समग्र गुजरात में हजारों युवाओं ने ओनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया है। 7000 से अधिक खिलाडीओं का रजिस्ट्रेशन हो गया है। इस ओलिम्पिक्स में 100 मीटर दौड, 800 मीटर दौड, 4X100 रीले, रस्सी खेंच जैसी स्पर्धा रखी गई है। समग्र गुजरात में से 500 व्यायाम शिक्षक सेवा प्रदान करने वाले है। समग्र गुजरात के विभिन्न आठ झोन अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, गांधीनगर, पाटण, राजकोट, भावनगर और भूज में प्राथमिक स्तर पर आयोजित होने के बाद 31 अक्टूबर, 2018 को सरदारधाम, अहमदाबाद में संपन्न होगा। (1)

किश्वर मर्चेंट और सुयश राय ने &TV के 'लाल इश्क़' में ऑनस्क्रीन जोड़ी के रूप में पदार्पण किया

टेलीविजन की दुनिया की सबसे चहेती जोड़ी में से एक, किश्वर मर्चेंट और सुयश राय, अपनी असल जीवन की केमेस्ट्री को परदे पर लेकर आने वाले हैं। दरअसल, ये दोनों परदे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। परिवार, दोस्तों और फैन्स द्वारा प्यार से 'सुखीश' के नाम से पुकारी जाने वाली यह जोड़ी भारतीय टेलीविजन की सबसे चहेती जोड़ी में से एक है। वास्तविक जीवन के इन लव बड्‌र्स को &TV के 'लाल इश्क़' के एक एपिसोड में मुख्य जोड़ी के रूप में लिया गया है। इसे सनी साइड प्रोडक्शन की दीप्ति कालवानी ने प्रोड्यूस किया है। हालांकि, इन दोनों ने परदे पर साथ में काम किया है लेकिन पहली बार पति और पत्नी के रूप में एक-दूसरे के अपोजिट काम कर रहे हैं।

कैथोलिक कपल डेज़ी (किश्वर) और शॉन (सुयश) की भूमिका निभा रहे, सुपरनैचुरल शक्तियों के कारण परेशान और प्यार के रहस्यमयी पहलू का सामना करते हुए नज़र आयेंगे। इस रहस्य के बारे में बताते हुए किश्वर ने एक और घटना का जिक्र किया, जोकि 'लाल इश्क़' में शामिल होने से पहले इन दोनों को देखना पड़ा। किश्वर ने बताया कि इस शो को साइन करने से चार दिन पहले, वह रोड ट्रिप पर अपनी गर्ल गैंग के साथ गई हुई थीं और जादू-टोने के बारे में बात करते हुए, वह काफी डर गई थीं। इसके बाद किश्वर को 'लाल इश्क़' के इस एपिसोड में भी जादू-टोने का कुछ ऐसा ही सीन था! यह वाकई बहुत डरावना है ना? (19-8)

तनुश्री दत्ता-नाना पाटेकर विवाद

बॉलिवुड के बड़े लोग नहीं करते स्कैम : विपुल शाह

मुंबई, तनुश्री-नाना पाटेकर विवाद में धीरे धीरे लगभग पूरी इंडस्ट्री अपनी राय रखती नजर आ रही है। निर्देशक विपुल शाह इन दिनों अपनी रिलीज के लिए तैयार फिल्म 'नमस्ते इंग्लैंड' के प्रमोशनल इवेंट पर पहुंचे, जहां उन्होंने तनुश्री-नाना मामले पर कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के अंदर एक और इंडस्ट्री चलती है, जहां इस तरह के सारे गलत स्कैम होते हैं।

विपुल शाह ने कहा, मेरा मानना है कि इस तरह के किसी भी संवेदनशील मामलों में जिस इंसान को पूरी सच्चाई न पता हो उसे कभी भी अपनी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। क्योंकि इसमें दो लोग इन्वॉल्व हैं, ऐसे में सही जानकारी के अभाव में आप किसी एक आदमी के साथ नाइंसाफी कर रहे होते हैं। मुझे लगता है इस मामले में तुरंत पुलिस की जांच होनी चाहिए। जांच के बाद जो भी सच्चाई सामने आए हमें उसके साथ खड़े भी होना चाहिए। जांच से पहले कहीं कुछ, पढ़-सुन और देखकर कोई जजमेंट बनाकर बोलना बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

वह आगे कहते हैं, मैं हमेशा बात कहता हूं कि फिल्म इंडस्ट्री के अंदर दो इंडस्ट्री हैं। एक इंडस्ट्री है जो ईमानदारी से काम करने वाले कलाकारों, निर्देशकों और तकनीकी आर्टिस्टों की है, यहां इस तरह की घटनाएं नहीं होती हैं। एक ज दूसरी इंडस्ट्री है, वहां हर तरह का स्कैम होता है और यह सारी वारदातें वहीं होती है।

शाहरुख के लिए गाना बंद किया उन्होंने स्टारडम खो दिया

मुंबई, इसमें कोई दोराय नहीं कि शाहरुख खान आज बॉलिवुड के टॉप सुपरस्टार्स में शुमार हैं। इतना ही नहीं, वह एक ऐसे स्टार हैं, जिसके लिए लगभग हर सिंगर गाने के सपने देखता है। ऐसे ही एक सिंगर रहे अभिजीत भट्टाचार्य। अभिजीत भट्टाचार्य ने दर्जनों फिल्मों में शाहरुख के लिए गाने गाए। एक वक्त तो ऐसा भी आया जब उनकी आवाज शाहरुख की आवाज बन गई। लेकिन वक्त के साथ अभिजीत और शाहरुख के बीच कड़वाहट आ गई और फिर अभिजीत ने शाहरुख के लिए कभी गाना न गाने का फैसला कर लिया। अभिजीत भट्टाचार्य हाल ही में हुए एक इवेंट के दौरान आयुष्यमान खुराना, राधिका आप्टे, जुबिन नौटियाल, नीति मोहन और सोनू निगम मौजूद थे। यहां अभिजीत ने बताया कि कैसे उन्होंने अपनी आवाज के जरिए सुपरस्टार्स पैदा किया। इस बारे में बात करते करते वह शाहरुख खान तक पहुंच गए और कहा कि जिस वक्त उन्होंने शाहरुख के लिए गाना बंद किया, उसके बाद शाहरुख लुंगी डांस जैसे गानों पर आ गए। उन्होंने आगे कहा कि जब तक उन्होंने शाहरुख के लिए गाने गाए तब तक वह सुपरस्टार थे, लेकिन जब उन्होंने शाहरुख के लिए गाना बंद कर दिया तो उसका स्टैंडर्ड लुंगी डांस पर आ गया। अभिजीत भट्टाचार्य ने आगे बताया कि उन्हें उस वक्त बहुत दुख हुआ था जब मैं हूं ना और ओम शांति ओम में सभी सिंगर्स और स्पॉट बॉयज का नाम फिल्म के क्रेडिट्स में आया, लेकिन उनका नाम नहीं।

ग्राम पंचायत विकास योजना सबकी योजना, सबका विकास

लोगों की योजना अभियान 'सबकी योजना, सबका विकास' की शुरूआत 2 अक्तूबर, 2018 से होगी और यह 31 दिसम्बर, 2018 तक जारी रहेगी। अभियान के दौरान अगले वित्त वर्ष 2019-2020 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने के लिए ग्राम सभा की संरचित बैठकें होंगी। लोगों की योजना अभियान की निगरानी में ग्राम सभा की बैठकों के डिजिटल चित्र, मानक रूप में समन्वयकों की रिपोर्ट, सभी 29 क्षेत्रों के लिए जीडीपीडी की प्लान पल्स अपलोडिंग, संबद्ध विभागों के प्रत्येक जिले/राज्य/केन्द्रीय स्तर के अधिकारियों द्वारा ग्राम सभाओं के दौरे और राष्ट्रीय स्तर की निगरानी के लिए ग्राम सभाओं के औचक दौरे शामिल हैं। देश में ग्राम पंचायतों की संख्या को ध्यान में रखते हुए इस अभियान को बड़े पैमाने पर हाथ में लिया गया है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिलाओं आदि जैसे समाज के कमजोर वर्गों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। ग्राम पंचायत विकास योजना का उद्देश्य चुने हुए 31 लाख पंचायत नेताओं और प्रभावी ग्राम सभा में डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की 2.5 करोड़ महिलाओं की भूमिका को मजबूत बनाना है। ग्राम पंचायत कार्यालय और ग्राम संवाद ऐप में सभी कार्यक्रमों का सार्वजनिक सूचना अभियान चलाया जाएगा। संरचित ग्राम सभा की बैठकें 2 अक्तूबर से 31 दिसम्बर तक होंगी। इनमें 29 क्षेत्रों ङ्क कृषि, भूमि सुधार, लघु सिंचाई, पशु पालन, मत्स्य पालन, सामाजिक वानिकी, लघु वन उत्पाद, लघु उद्योगों, खादी, ग्राम और कुटीर उद्योग, ग्रामीण आवास, पेयजल, ईंधन और चारा, सड़कें, ग्रामीण विद्युतीकरण, गैर-परम्परागत ऊर्जा, गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम, शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, व्यस्क और अनौपचारिक शिक्षा, लाइब्रेरी, सांस्कृतिक गतिविधियां, बाजार और मेले, स्वास्थ्य और स्वच्छता, परिवार कल्याण, महिला और बाल विकास, सामाजिक कल्याण, कमजोर वर्गों के कल्याण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और सामुदायिक परिसंपत्तियों के रखरखाव के बारे में अग्रिम कामगारों/पर्यवेक्षकों की उपस्थिति होगी और प्रस्तुति दी जाएगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे

पार्सल हैंडलिंग ठेके हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रण

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का नाम व स्थान	कार्य की अनुमानित लागत जीएसटी सहित (रूपये में)	कार्य की अवधि	बयाना राशि (रूपये में)
1.1	C.237/57/Parcel Handing/All/2018/Re-Tender	अजमेर स्टेशन पर पार्सल हैंडलिंग का कार्य।	1,30,39,911/-	तीन वर्ष	2,15,200/-
1.2	C.237/58/Parcel Handing/BHL-NSD-UDZ/2018/Re-Tender	भीलवाडा, नसीराबाद एवं उदयपुर सिटी स्टेशनों पर पार्सल हैंडलिंग का कार्य।	88,70,102/-	तीन वर्ष	1,77,400/-
1.3	C.237/59/Parcel Handing/ABR-FA-MJ-BER/2018/Re-Tender	आबूरोड, फालना, मारवाड जं. एवं ब्यावर स्टेशनों पर पार्सल हैंडलिंग का कार्य।	1,20,45,170/-	तीन वर्ष	2,10,230/-

2. ई-निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथी एवं समयः दिनांक 30.10.2018 को 15.00 बजे तक
3. ई-निविदा खुलने की तिथी एवं समयः दिनांक 30.10.2018 को 15.30 बजे उपरान्त।
4. वैबसाइट का विवरण जहां से निविदा की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः www.ireps.gov.in

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), अजमेर

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 1008-DI/18